# सनातन धर्म कॉलेज, होशियारपुर

## SANATAN DHARMA (S.D.) COLLEGE, HOSHIARPUR

Affiliated to Panjab University | Recognised UGC under section 2(f) 12 B NAAC Accredited


sdcollegehsp@gmail.com    www.sdcollegehsp.net

अध्यक्षा



श्रीमती हेमा शर्मा

सचिव



श्री श्रीगोपाल शर्मा

कार्यकारी प्रिंसीपल



प्रो. प्रशांत सेठी

# सनातन प्रतिबिम्ब

जुलाई 2023 से दिसंबर 2023 तक

सम्पादक : प्रो केशव, प्रो करिश्मा

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति-२०२० पुस्तक का विमोचन




कालेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पुस्तक का विमोचन किया गया। इस पुस्तक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मुद्दों, चुनौतियों और प्रभाव के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

### कालेज में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित




कालेज में आई.सी.आई.सी.आई बैंक के साथ प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई। जिसमें 17 विद्यार्थियों को ऑफर लेटर प्राप्त हुआ और 3 विद्यार्थियों ने ऑफर लेटर स्वीकार किया।

### कालेज के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए करवाया ओरियंटेशन प्रोग्राम




प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कालेज की विशेष प्राप्तियों और भावी गतिविधियों से अवगत करवाना था।

### कालेज की स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन




कालेज की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया गया। संत समाज और कालेज प्रबंधक समिति की ओर से मंत्रों के उच्चारण के साथ कालेज का ध्वज लहराया गया। साथ ही स्वर्ण अमृत स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

### कालेज में वन महोत्सव के संबंध में पौधारोपण किया गया




एन.एस.एस स्वयंसेवकों द्वारा वन महोत्सव के संबंध में कालेज में पौधे लगाए गए। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वातावरण के प्रति जागरूक करवाना था।

### कालेज के विद्यार्थियों को आजाद अवार्ड-२०२३ से सम्मानित किया गया




कालेज के एन.एस.एस स्वयंसेवकों को शहीद चंद्र शेखर आजाद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित आजाद पुरस्कार -2023 समारोह में सामाजिक कल्याण कार्यों में उत्कृष्ट भागीदारी के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## कॉलेज में आयोजित की गई प्रतियोगिताएं




कॉलेज में रंगोली मेकिंग और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट मैटीरियल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में कुल 08 विद्यार्थियों ने भाग लिया और कार्यवाहक प्राचार्य प्रशांत सेठी ने विजेताओं को बधाई दी।

## कॉलेज में एंटी रैगिंग दिवस पर लेक्चर का आयोजन




कॉलेज में एंटी रैगिंग दिवस के अवसर पर पर यू.जी.सी नीतियों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए और एंटी रैगिंग के विभिन्न मुद्दों पर व्यापक रूप से चर्चा करने के लिए लेक्चर आयोजित किया गया।

## कॉलेज प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया




कॉलेज प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रशांत सेठी ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानन्द के सिद्धांतों पर अपने विचार प्रस्तुत किये और विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए।

## हस्त लेखन और रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन




भाषा एवं साहित्यिक क्लब, एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब की ओर से सुंदर लेखन एवं साहित्य सृजन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 30 के करीब विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## हरखोवाल और पंडोरी बीबी में पौधारोपण अभियान चलाया गया




कालेज और एस.डी कालेजिएट पंडित अमृत आनंद मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की एन.एस.एस. यूनिट की ओर से हरखोवाल, पंडोरी बीबी और कॉलेज कैंपस में 75 पौधे लगाए गए।

## कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन




सबके साथ सद्भावना विषय पर स्लोगन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। पोस्टर मेकिंग में सुनेहा को प्रथम पुरस्कार और स्लोगन लेखन में अश्वनी, प्रिया को प्रथम पुरस्कार मिला।

## सनातन धर्म कॉलेज, होशियारपुर में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




पूरे उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ कॉलेज प्रांगण में 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष श्री चतर भूषण जोशी, सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा, संयुक्त सचिव श्री तिलक राज शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री प्रमोद शर्मा ने कॉलेज परिसर में झण्डा फहराने की रस्म अदा की।

## नशाखोरी और उसके रोकथाम के संबंध में सेमिनार आयोजित




नशाखोरी और उसके रोकथाम के संबंध में कॉलेज में सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट, संदीप कुमारी ने नशे की रोकथाम के बारे में अपने विचार पेश किए।

## कॉलेज परिसर में वेबसाइट डिजाइनिंग प्रतियोगिता आयोजित




कंप्यूटर विभाग की ओर से आयोजित वेबसाइट डिजाइनिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने वेबसाइट डिजाइन करने के लिए कंप्यूटर की अलग-अलग तकनीकों का प्रयोग किया।

## कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन




'सामाजिक परिवर्तन में युवाओं की भूमिका' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक परिवर्तन के बारे में जागरूक करवाना था।

## सनातन धर्म कॉलेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन




अर्थशास्त्र विभाग, यूथ वैलफेयर सर्विस एंड कल्चरल अफेयर्स की ओर से 'वर्तमान आर्थिक और सामाजिक मुद्दे' विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 10 टीमों ने भाग लिया।

## राखी के अवसर पर हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी का आयोजन




राखी के अवसर पर प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमे विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न हस्तनिर्मित वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया।

## कॉलेज में टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन




कॉलेज के हाल में टैलेंट हंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने छिपे टैलेंट को उजागर किया।

## कॉमर्स विभाग की ओर से एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित




पी.जी डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स की ओर से 'कंपनी और कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी का समावेश' विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता सी.एस. मोहित सलूजा ने कंपनी बनाने की प्रक्रिया, कानूनी आवश्यकताएं, आवश्यक दस्तावेज आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।




## कॉलेज के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में भाग लिया

भाषा एवं साहित्यिक क्लब के प्रभारी डॉ गुरचरण सिंह के नेतृत्व में भाषा विभाग, पंजाब द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी में कॉलेज के छात्र हरजोत सिंह ने दूसरा और सौरभ गुप्ता ने तीसरा स्थान प्राप्त कर पुस्तकों का सेट व सर्टिफिकेट प्राप्त किया।

## सनातन धर्म कॉलेज में मनाया गया तीज का पर्व




कॉलेज के हाल में तीज का पर्व आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंधन समिति की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा को कॉलेज स्टाफ ने पंजाबी संस्कृति का प्रतीक फुलकारी देकर सम्मानित किया।

## कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया




राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर दो दिवसीय बैडमिंटन और रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता विद्यार्थियों को सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा और प्राचार्य प्रशांत सेठी ने पुरस्कार वितरित किए।

## कॉमर्स विभाग की ओर से पोस्टर और चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन




कॉमर्स विभाग की ओर से टैक्स के विषय से संबंधित पोस्टर और चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्य प्रशांत सेठी ने ऐसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।




## कॉलेज कैंपस में मेगा रक्तदान कैंप का आयोजन

अमर शहीद लाला जगत नारायण जी की 42वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मेगा रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज प्रबंधक समिति की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, भृगु शास्त्री और युवाओं ने 98 यूनिट रक्तदान कर अमर शहीद लाला जगत नारायण जी को श्रद्धांजलि दी।

## कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस का आयोजन




अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर 'लोकतंत्र और तानाशाही' विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के तौर पर होशियारपुर की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अपराजिता जोशी ने विशेष तौर पर शिरकत की।

## कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन




कॉलेज में व्यापारिक मामलों के विषय से संबंधित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता विद्यार्थियों को कॉलेज की तरफ से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## कॉलेज में पैनल चर्चा करवाई गई




कॉलेज प्रांगण में 'शिक्षण में रचनात्मकता को कैसे विकसित करें' विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गई। इसमें कॉलेज के सभी शिक्षक अधिकारियों ने भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए।

## कॉलेज में हिंदी दिवस मनाया गया




कॉलेज में हिंदी दिवस के अवसर पर लेक्चर और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रशांत सेठी ने हिंदी भाषा की महत्ता पर भाषण दिया और विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## कॉमर्स विभाग की ओर से विज्ञापन प्रतियोगिता का आयोजन





कॉमर्स विभाग की ओर से विज्ञापन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यापार कौशल को विकसित करना था।

## कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई




'अच्छा प्रशासकीय प्रबंध' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता विद्यार्थियों को कॉलेज की तरफ से इनाम देकर सम्मानित किया गया।

## चार दिवसीय ऑनलाइन एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन




कॉलेज में वूमेन सेल की ओर से चार दिवसीय ऑनलाइन एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता नित्य चौधरी और रोशनी सी.एस.आर, कार्यकारी, यूनिचार्म इंडिया ने 'मासिक धर्म स्वास्थ्य और व्यक्तिगत स्वच्छता' विषय पर जानकारी दी।

## कॉलेज में स्वच्छता मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन




इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता कर्मचारियों को विभिन्न सरकारी कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से परिचित करवाना था। शिविर के अंत में सभी कर्मचारियों ने कालेज परिसर में पौधारोपण किया।

## कंप्यूटर विभाग की ओर से एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित




'इमेज प्रोसेसिंग यूजिंग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. नीरू मागो पी.यू रीजनल कैंपस, होशियारपुर ने विद्यार्थियों को इमेज प्रोसेसिंग टूल के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## कॉलेज में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

कॉमर्स विभाग की ओर से मिशन 'कोना कोना शिक्षा' के तहत वित्तीय साक्षरता पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डीमैट, म्युचुअल फंड के बारे में जानकारी देना था।




## घोंसला मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित




एन.एस.एस. और बायोटेक्नोलॉजी विभाग की ओर से पक्षियों का घोंसला बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य प्रशांत सेठी ने विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

## 'मेकअप की कला' विषय पर सेमिनार का आयोजन




कॉलेज में 'मेकअप की कला' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। ओरेन एकेडमी के स्टाफ ने विद्यार्थियों को मेकअप और सेल्फ-ग्रूमिंग के टिप्स देकर मेकअप तकनीकों का प्रदर्शन भी किया।

## मैनेजमेंट विभाग की ओर से एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित




'देश की अर्थव्यवस्था को सही दिशा प्रदान करना' विषय पर मैनेजमेंट विभाग की ओर से एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. राकेश महाजन ने विद्यार्थियों को औद्योगिक, मौद्रिक और वित्तीय नीतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## कॉलेज परिसर में रैली का आयोजन




कॉलेज परिसर में 'रैगिंग को ना कहें' विषय पर कैंपस रैली आयोजित की गई। प्राचार्य प्रशांत सेठी ने विद्यार्थियों को रैगिंग के लिए बनाए गए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## कॉलेज परिसर में शहीद भगत सिंह को दी गई श्रद्धांजलि




कॉलेज परिसर में शहीद भगत सिंह के जन्म दिवस पर उन्हें पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि दी गई और इसके साथ ही एन.सी.सी कैडेटों की ओर से सलामी दी गई।

## सनातन धर्म कॉलेज के छात्र ने कांस्य पदक जीता




कॉलेज के विद्यार्थी सूरज ने पंजाब यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में 80 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में ताइक्वांडो खेल में कांस्य पदक जीता।

## सनातन धर्म कॉलेज में सेमिनार का आयोजन




वाइसलैस सैकिंड इनिंग होम सोसाइटी की तरफ से कॉलेज में 'पशु क्रूरता की पहचान और उसे रोकने के उपाय' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। सोसाइटी के प्रेसीडेंट नवीन ग्रोवर ने इस विषय पर सोसाइटी की तरफ से किये जा रहे कार्यों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया।

## 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता' का आयोजन




एन.सी.सी विभाग ने 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता' का आयोजन किया। इसमें विद्यार्थियों की 13 टीमों ने भाग लिया। प्रिंसिपल प्रशांत सेठी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

## कॉलेज में स्लोगन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित




'नशीली दवाइयों का खतरा' विषय पर स्लोगन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नशा विरोधी जागरूकता फैलाना था।

## कॉलेज में एक तारीख एक घंटा कार्यक्रम का आयोजन




कॉलेज एवं स्कूल के स्टाफ, विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने श्रमदान करते हुए सफाई की और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता रैली भी निकाली गई।

## कम्प्यूटर विभाग की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




कम्प्यूटर विभाग की ओर से 'प्रोफेशनल रेज्युमे राइटिंग' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता अर्पणा (इन्फो मैथ्स) ने विद्यार्थियों को बायोडाटा बनाने से संबंधित महत्वपूर्ण तकनीकी बिंदुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## युवा एवं विरासत मेले में छाया रहा सनातन धर्म कॉलेज




कॉलेज के विद्यार्थियों ने पंजाब यूनिवर्सिटी के जोन 'ए' की युवा विरासत मेले में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रबंधन समिति ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कॉलेज में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया




कॉलेज प्रांगण में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य विषय पर जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## सनातन धर्म कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन




कॉलेज में रिलायंस जिओ के साथ प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। रिलायंस जियो की फ्रीलांस कार्य योजना के लिए 45 विद्यार्थियों का चयन किया गया।

## कामर्स विभाग की ओर से अल्पावधि पाठ्यक्रम का समापन




कॉमर्स विभाग की ओर से वित्तीय साक्षरता पर अल्पावधि पाठ्यक्रम आयोजित किया गया और पाठ्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए।

## निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन




मौजूदा समय में पंजाबी युवाओं का विदेशों की ओर बढ़ रहा रुझान' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता विद्यार्थियों को इनाम दिए गए।

## आजादी के महोत्सव को समर्पित मेरी माटी मेरा देश कलश यात्रा निकाली गई




कॉलेज के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा अमृत कलश यात्रा निकाली गई। उन्होंने अपने देश के प्रति प्रेम तथा देश की शान बनाये रखने की प्रतिज्ञा की।

## कॉलेज में विजिलेंस जागरूकता सप्ताह मनाया गया




कॉलेज परिसर में 'भ्रटाचार का विरोध करे, देश के प्रति वचनबद्ध रहे' विषय पर विजिलेंस जागरूकता सप्ताह मनाते हुए राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत' का संदेश देश के हर नागरिक तक पहुंचाना था।

## सनातन धर्म कॉलेज में लगाई मोमबतियों की प्रदर्शनी




कॉलेज में जे.एस.एस आशाकिरन स्पेशल स्कूल जहानखेलां के बच्चों द्वारा मोमबत्तियों की प्रदर्शनी लगाई गई। कॉलेज प्रबंधक कमेटी की अध्यक्षा हेमा शर्मा तथा सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा ने बच्चों की प्रतिभा को खूब सराहा।

## कालेज के स्वयंसेवकों ने किया वृद्ध आश्रम, कुष्ठ आश्रम और अनाथालय का दौरा




कॉलेज के 'स्माइली ग्रुप' ने वृद्ध आश्रम, कुष्ठ आश्रम और अनाथालय का दौरा किया और जरूरतमंद लोगों से मेल-मिलाप कर आवश्यक सामान उपलब्ध करवाया।

## कॉलेज में प्रदूषण रहित स्वच्छ दिवाली मनाने पर सेमिनार का आयोजन





मुख्य वक्ता नगर निगम, होशियारपुर से मीना कुमारी और ज्योति कालिया ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ को प्रदूषण रहित दिवाली मनाने पर शपथ दिलवाई।

## कॉलेज में संविधान दिवस मनाया गया




डॉ. दीपिका थालिया ने विद्यार्थियों को संविधान के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी और उन्हें जीवन भर अपने मौलिक कर्तव्यों और देश के कानूनों का पालन करने की शपथ भी दिलवाई।

## सनातन धर्म कॉलेज में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया




विभागाध्यक्ष प्रो. रोहित शर्मा ने विद्यार्थियों से गणितज्ञ रामानुजन के जीवन और गणित में उनके योगदान के बारे में विस्तार से चर्चा की।

## सनातन धर्म कॉलेज में दिवाली प्रदर्शनी का आयोजन




विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न हस्तनिर्मित वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया। प्रि. प्रशांत सेठी ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई वस्तुओं की सराहना की।




## कॉलेज परिसर में पेरैंट्स-टीचर्स मीटिंग का आयोजन

इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य माता-पिता को अपने विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ-साथ कॉलेज में उनकी उपस्थिति और मध्यावधि परीक्षा के अंको से भी अवगत करवाना था।

## कॉलेज प्रांगण में विश्व एड्स दिवस मनाया गया




डॉ. कंवरदीप सिंह धालीवाल ने विद्यार्थियों को एच.आई.वी.-एड्स के कारणों, लक्षणों, परीक्षणों, उपचारों और रोकथाम के उपायों के बारे में जागरूक किया।

## सनातन धर्म कॉलेज, होशियारपुर में एन.एस.एस कैंप की समाप्ति




कॉलेज में सात दिवसीय एन.एस.एस शिविर में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। शिविर के अंत में कैशियर प्रमोद शर्मा ने स्वयंसेवकों के साथ अपने बहुमूल्य विचार सांझा किये तथा शिविर की सफलता के लिए स्वयंसेवकों को बधाई दी।



Kamal Creationz # 9914326300